भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. 167

30 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन

†*167. श्री जगदम्बिका पालः

डॉ. प्रशांत यादवराव पडोलेः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन (एनयूडीएम) के उद्देश्य और प्रमुख घटक क्या हैं;

(ख) उक्त मिशन के कार्यान्वयन में कितनी प्रगति हुई है तथा देशभर में इसके अंतर्गत सम्मिलित राज्यों, संघ राज्यक्षेत्रों और शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) का ब्यौरा क्या है;

(ग) इस मिशन के अंतर्गत विकसित अथवा एकीकृत किए गए डिजिटल प्लेटफार्मों, मानकों और नागरिक-केन्द्रित सेवाओं का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और शहरी स्थानीय निकाय-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त मिशन के कार्यान्वयन के लिए विगत तीन वर्षों के दौरान वर्ष-वार, राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और शहरी स्थानीय निकाय-वार कितना वित्तीय आवंटन किया गया है और कितनी धनराशि जारी की गई है; और

(ङ) उक्त मिशन से देशभर में शहरी शासन, शहरों में सेवाएं प्रदान किए जाने और आंकड़ों के आधार पर योजनाएं बनाए जाने में किस प्रकार सुधार होने की संभावना है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य मंत्री

(श्री मनोहर लाल)

(क) से (ङ) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

"राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन" के विषय में दिनांक 30.07.2026 को लोक सभा में पूछे जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या 167 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (ङ) वर्तमान में, राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन (एनयूडीएम) केवल प्रायोगिक चरण में है। मिशन का प्रायोजित कार्यान्वयन फरवरी, 2021 में शुरू किया गया था, जिसके तहत अर्बन प्लेटफॉर्म फॉर डिलीवरी ऑफ ऑनलाइन गवर्नेंस (उपयोग) नामक नागरिक केंद्रित शहरी डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। इसमें सभी शहरी स्थानीय निकायों द्वारा डिजिटल नगरपालिका सेवाओं की सुपुर्दगी हेतु उपयोग किए जा सकने वाले ई-गवर्नेंस समाधानों का एक पैकेज शामिल है। यह उपयोग प्लेटफॉर्म के विकास के माध्यम से शहरी शासन में आधुनिक प्रौद्योगिकियों के उपयोग को बढ़ावा देता है, जो एक ओपन-सोर्स, माइक्रो सर्विसेज-आधारित और मॉड्यूलर डिजिटल प्लेटफॉर्म है। यह संरचना मौजूदा राज्य और नगरपालिका प्रणालियों के साथ-साथ अंतर-संचालनीयता, आसान अनुकूलन और सहज एकीकरण को सक्षम बनाता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान एनयूडीएम मिशन के कार्यान्वयन के लिए किए गए वित्तीय आवंटन का वर्ष-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है, तथापि, मिशन को शुरू न किए जाने के कारण निधियों का उपयोग नहीं किया जा सका है:

(रुपये करोड़ में)

वर्ष	बजट प्राक्कलन	संशोधित प्राक्कलन	व्यय
2024-25	1150	108.70	0
2025-26	1250	0	0
2026-27	300	शून्य	शून्य

***